
अध्याय 2

# दो अंकों की संख्याओं की जोड़

**अधिगम बिन्दु**
- पुनरावलोकन
- दो अंकों वाले आड़े में लिखे सवालों को हल करना
- इकाई, दहाई सैंकड़े के अनुसार संख्याएँ लिखना
- दो अंकों की संख्या को कॉलम में जोड़ करना
- दो संख्याओं पर आधारित इबारती सवाल (जोड़ के)

आपने पिछली कक्षा में अलग–अलग तरीकों, जैसे कदम से, लाइनें खींच कर व मोती माला की सहायता से दो अंकों की संख्याओं को जोड़ना सीखा हैं। आओ, इन तरीकों से एक बार फिर सवाल को करते हैं – **पहला तरीका**



| | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 |

15 पर शीला खड़ी है। 11 कदम चल कर कहाँ पहुँचेगी।


15 + 11 = 26

वह 26 पर पहुँचेगी (चलकर देखिए)

**दूसरा तरीका**

| | दहाई | इकाई |
|---|---|---|
| 15<br>+ 12<br>27 | \|<br>\|<br>2 | \| \| \| \| \|<br>\| \|<br>7 |

## तीसरा तरीका –




= 9 + 14

= 9 + 10 + 4 = 19 + 4 = 23

इन सवालों को किसी भी तरीके से जोड़ कर बताइए –

| | | | |
|---|---|---|---|
| 25 | 32 | 11 | 43 |
| + 74 | + 65 | + 77 | + 36 |
| ____ | ____ | ____ | ____ |

## 2.1 इकाई, दहाई, सैंकड़ा के अनुसार संख्याएँ लिखना

संख्याओं को इस प्रकार लिखा था–

225 = 200 + 20 + 5

= दौ सो + बीस +पाँच

= 200 + 25

= दौ सौ + पच्चीस

= 225

= दो सौ पच्चीस

## अभ्यास 2.1

कॉपी में सारणी बनाइए और खाली जगह इस प्रकार भरिए–

| क्र. सं. | संख्याएँ | संख्याएँ | संख्याएँ व संख्या नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 300 + 40 + 7<br>तीन सौ + चालीस + सात | 300 + 47<br>तीन सौ +सैंतालीस | 347 |
| 2. | 200 + 70 + 9 | | |
| 3. | 100 + 40 + 9 | | |
| 4. | 400 + 90 + 9 | | |
| 5. | 200 + 60 + 9 | | |
| 6. | 300 + 70 + 9 | | |

आपने सौ तक की संख्या को लिखना व पढ़ना सीखा।

देखिए 9 + 1 = 10

99 + 1 = 100

अर्थात् नौ इकाई में एक इकाई जोड़ने पर 10 इकाई बनती है और 10 इकाई, 1 दहाई को व्यक्त करती है।

**10 इकाई = 1 दहाई**

इसी प्रकार 99 में 9 दहाई व 9 इकाई है

$$99 = 90 + 9$$

= 9 दहाई + 9 इकाई

9 इकाई में 1 इकाई जोड़ने पर 10 इकाई अर्थात् 1 दहाई बनती है।

$$99 + 1 = 90 + (9 + 1) = 100$$

$$= 90 + 10 = 100$$

= 9 दहाई + 1 दहाई = 10 दहाई

अत: 10 दहाई को 1 सैंकड़ा कहते हैं

**10 दहाई = 100 इकाई**
**1 सैंकड़ा = 10 दहाई**
**1 सैंकड़ा = 100 इकाई**

हम संख्याओं को इस तरह भी लिख सकते हैं –

$$225 = 200 + 20 + 5$$

200 = दो सौ = दो सैंकड़ा

20 = बीस = दो दहाई

5 = पाँच = पाँच इकाई

225 = 2 सैंकड़ा + 2 दहाई + 5 इकाई

संख्याओं में दाएँ यानी सीधे हाथ की तरफ से संख्या को इस प्रकार गिनते हैं। (इकाई, दहाई, सैंकड़ा) आओ, संख्याओं को इकाई, दहाई, सैंकड़ा के रूप में लिखते हैं।

4 4 7 = 4 सैंकड़ा + 4 दहाई + 7 इकाई

3 5 0 = 3 सैंकड़ा + 5 दहाई + 0 इकाई

2 0 0 = 2 सैंकड़ा + 0 दहाई + 0 इकाई

4 0 5 = 4 सैंकड़ा + 0 दहाई + 5 इकाई

## अभ्यास 2.2

इन संख्याओं में इकाई, दहाई व सैंकड़े के अंक को पहचानिए व भरिए–

| | सैंकड़ा | दहाई | इकाई |
|---|---|---|---|
| 446 | 4 | 4 | 6 |
| 207 | 2 | | |
| 358 | | | |
| 177 | | | |
| 469 | | 6 | |
| 99 | | | |
| 452 | | | 2 |

समझ को और पक्का कीजिए।

यहाँ संख्या को इस प्रकार लिख कर समझते हैं।

348 = 300 + 40 + 8

= 3 सैंकड़ा + 4 दहाई + 8 इकाई

= तीन सौ अड़तालीस।

## अभ्यास 2.3

1. सारणी बनाकर खाली स्थान भरिए (अपनी कॉपी में बनाइए)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 263 | 200+60+3 | 2 सैंकड़ा + 6 दहाई + 3 इकाई | दो सौ तिरसठ |
| 149 | | | |
| 209 | | | |
| 377 | | | |

2. निम्न संख्याओं में सैंकड़ा, दहाई व इकाई का मान बताओ।
(i) 467 (ii) 307 (iii) 410 (v) 172 (v) 348

## 2.2 दो अंकों की संख्याओं पर आधारित इबारती सवाल जिनमें जोड़ने की आवश्यकता पड़े।

**उदाहरण**– एक बाग में 22 पेड़ अमरूद के और 15 पेड़ अनार के हैं। बताइए, बाग में कुल कितने पेड़ है ?

**हल** – अमरूद के पेड़ = 22
अनार के पेड़ = 15
कुल पेड़ों की संख्या = 22 + 15
= 37

| द. | इ. |
|---|---|
| 2 | 2 |
| + 1 | 5 |
| 3 | 7 |

एक और उदाहरण से समझते हैं –

**उदाहरण**– एक ढाणी में 55 पुरुष और 42 महिलाएँ हैं।
बताइए, ढाणी में कुल कितने पुरुष – महिलाएँ हैं ?

**हल** – पुरुष = 55
महिलाएँ = 42
पुरुष व महिलाएँ = 55 + 42
= 97

| द. | इ. |
|---|---|
| 5 | 5 |
| + 4 | 2 |
| 9 | 7 |

## अभ्यास 2.4

नीचे लिखे सवालों को हल कीजिए।

1. मोहन के खेत में 15 बोरी मक्का व 12 बोरी गेहूँ पैदा हुआ। बताइए, मोहन के खेत में कुल कितनी बोरी अनाज पैदा हुआ?
2. विद्यालय में 10 पौधे फूलों के 5 पेड़ गुलमोहर के हैं तो बताइए, विद्यालय में कुल कितने पेड़–पौधे हैं ?
3. एक मटके की कीमत 30 रुपये और सुराही की कीमत 20 रुपये है। दोनों को खरीदने के लिए हमें कितने रुपये देने होंगे ?
4. नजमा के गाँव में 38 गायें और 6 भैंसे हैं उसके गाँव में कुल कितने पशु हैं ?
5. एक क्रिकेट मैच में राहुल ने 24 रन और अनिल ने 63 रन बनाए बताइए, दोनों ने कुल कितने रन बनाए ?
6. रामू ने सोमवार को 17 दीपक और मंगलवार को 22 दीपक बेचे। बताइए, दोनों दिनों में कितने दीपक बेचे ?

## 2.3 दो अंकों की संख्याओं का कॉलम में जोड़ करना

अभी तक आपने इस प्रकार के सवालों को हल किया था।

22 + 37

| | द. | इ. |
|---|---|---|
| | 2 | 2 |
| + | 3 | 7 |
| | 5 | 9 |

लेकिन यदि आपको एक सवाल ऐसा दिया जाए तो बताइए, कैसे हल करेंगे?

29 + 37

| | द. | इ. |
|---|---|---|
| | 2 | 9 |
| + | 3 | 7 |
| | | |

9 + 7 इकाई में

|||||||||

|||||||

16

1 दहाई 6 इकाई

(1) जहाँ इकाइयों को जोड़ने पर 9 + 7 = 16
यानी 1 दहाई व 6 इकाई प्राप्त होता है।

| द. | इ. |
|---|---|
| ① | |
| 2 | 9 |
| +3 | 7 |
| 6 | 6 |

① + 2 + 3 दहाई में

|

||

|||

6

इकाई को इकाई के नीचे लिखते हैं और 1 दहाई हासिल के रूप में दहाई के ऊपर लिखते हैं –

(2) अब पुनः 1 दहाई + 2 दहाई + 3 दहाई को जोड़ते हैं –

1 + 2 + 3 = 6 दहाई

अतः 29 + 37 = 66

एक उदाहरण से और समझने का प्रयास करते हैं –

सवाल 79 + 45

| द. | इ. |
|---|---|
| 7 | 9 |
| + 4 | 5 |
| | |

(1) सर्वप्रथम इकाइयों (9 + 5) को जोड़ते हैं जोड़ने पर 14 अर्थात् 1 दहाई 4 इकाई प्राप्त होती है। दहाई को हासिल के रूप में दहाई के ऊपर ① इस प्रकार लिखते हैं–

| द. | इ. |
|---|---|
| ① | |
| 7 | 9 |
| + 4 | 5 |
| | 4 |

(2) दहाइयों को जोड़ने पर ① + 7 + 4 = 12 दहाई प्राप्त होती है, इसे दहाई के स्थान पर लिखते हैं–

| | द. | इ. |
|---|---|---|
| | ① | |
| | 7 | 9 |
| + | 4 | 5 |
| | 12 | 4 |

## अभ्यास 2.5

कॉलम रूप में लिखे सवालों को हल कीजिए–

(i)
$$\begin{array}{r} 4\ 9 \\ +\ 2\ 2 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

(ii)
$$\begin{array}{r} 3\ 7 \\ +\ 4\ 7 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

(iii)
$$\begin{array}{r} 8\ 9 \\ +\ 7\ 3 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

(iv)
$$\begin{array}{r} 2\ 7 \\ +\ 3\ 9 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

(v)
$$\begin{array}{r} 6\ 7 \\ +\ 9\ 8 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

(vi)
$$\begin{array}{r} 8\ 9 \\ +\ 3\ 9 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

(vii)
$$\begin{array}{r} 6\ 7 \\ +\ 7\ 6 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

(viii)
$$\begin{array}{r} 3\ 9 \\ +\ 6\ 7 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

### 2.3.1 दो अंकों वाले आड़े में लिखे सवालों को हल करना।

(i) 27 + 34

(1) इनमें 7 इकाई व 4 इकाई को जोड़ने पर 11 इकाई प्राप्त होती है अर्थात् 1 दहाई व 1 इकाई

(2) 1 दहाई में 2 दहाई व 3 दहाई जोड़ने पर

1 + 2 + 3 = 6 दहाई प्राप्त होती है।

अत: 27 + 34 = 61

इन्हें कॉलम जोड़ के साथ भी कर सकते हैं।

इस प्रकार –

| | द. | इ. |
|---|---|---|
| | ① | |
| | 2 | 7 |
| + | 3 | 4 |
| | 6 | 1 |

7 + 4 = ① 1

① + 2 + 3 = 6

## अभ्यास 2.6

निम्नलिखित सवालों को हल करिए –

(i) 79 + 38 (ii) 45 + 54 (iii) 71 + 39

(iv) 38 + 76 (v) 89 + 37 (vi) 71 + 89

(vii) 67 + 38 (viii) 86 + 76 (ix) 87 + 70

(x) 89 + 87 (xi) 99 + 11 (xii) 86 + 78

## प्रश्नावली 2

1. संख्याओं में इकाई, दहाई व सैंकड़े का मान बताइए–

(i) 357 (ii) 802 (iii) 700 (iv) 380 (v) 24

2. इकाई, दहाई व सैंकड़े के रुप में लिखिए–

(i) 448 (ii) 802 (iii) 600 (iv) 260

3. हल कीजिए–

( i )

| | द. | इ. |
|---|---|---|
| | 2 | 4 |
| + | 3 | 3 |
| | | |

( ii )

| | द. | इ. |
|---|---|---|
| | 6 | 8 |
| + | 3 | 4 |
| | | |

( iii )

| | द. | इ. |
|---|---|---|
| | 7 | 6 |
| + | 2 | 2 |
| | | |

( vi )

| | द. | इ. |
|---|---|---|
| | 8 | 2 |
| + | 3 | 9 |
| | | |

4. हल कीजिए–

(i) 15 + 25 (ii) 27 + 20 (iii) 77 + 27

(iv) 50 + 5 (v) 25 + 7 (vi) 82 + 10

5. दीपावली पर राधा ने 45 मोमबत्ती और मोहन ने 55 मोमबत्ती खरीदी। बताइए, दोनों ने मिलकर कुल कितनी मोमबत्तियाँ खरीदी ?
6. एक बाग में 47 पेड़ अनार के, 33 पेड़ अमरूद के व 5 पेड़ आम के हैं। बताइए, बाग में कुल कितने पेड़ हैं ?
7. विद्यालय में 25 बालक व 47 बालिकाएँ पढ़ती हैं तो बताइए, विद्यालय में कुल बालक–बालिकाओं की संख्या कितनी है ?
8. एक दुकानदार ने पहले दिन 75 टी.वी. तथा दूसरे दिन 37 टी.वी. बेच दी तो बताइए, दोनों दिन में कुल कितनी टी.वी. बेची ?
9. एक गुब्बारे वाले के पास 19 गुब्बारे लाल व 25 गुब्बारे पीले हैं तो बताइए, उसके पास कुल कितने गुब्बारे हैं ?
10. एक चरवाहे के पास 15 ऊँट, 10 गधे व 16 बकरियाँ हैं तो बताइए, उसके पास कुल कितने पशु हैं ?
11. छगन ने पहले दिन 76 पके आम व दूसरे दिन 68 पके आम तोड़े। बताइए, उसने कुल कितने आम तोड़े ?